# केंद्रीय विद्यालय बी. एच. यू. वाराणसी प्रथम पाली

**अर्धवार्षिक परीक्षा**

**सत्र- 2024-25 कक्षा- VI विषय-हिंदी**

**समय- $2^{1/2}$ घंटा** **पूर्णांक-60**

---

- **इस प्रश्न पत्र में 6 खण्ड हैं -क ,ख ,ग ,घ, और ङ|**

---

**(खंड क)**

**प्रश्न I. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5*1= 5)

एक बहुत गरीब मछुआरा था। उन्होंने बहुत मेहनत की, लेकिन उनके पास बहुत कम पैसे थे। एक दिन वह दोपहर को समुद्र के किनारे गया, उसने अपना जाल डाला और तब तक इंतजार किया जब तक उसके नीचे कुछ नहीं आ गया। फिर उसने एक साथ डोरियों को इकट्ठा किया लेकिन ज्यादा वजनदार पाया। उसने इसे भूमि पर खींचने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह इसे खींच नहीं सका। फिर वह पानी में चला गया और उसे ऊपर लाया। उसने जाली खोली और उसमें तांबे का एक जार मिला जिसका मुंह पिछले सिरे वाली टोपी से बनाया गया था। उसने इसे खोला और जार में सोने के सिक्के पाए। वह अमीर हो गया लेकिन स्वार्थी नहीं। उसने अपने गाँव में सोने के सिक्कों की मदद से एक मंदिर बनवाया ।

i. मछुआरा कैसा था?

(क) गरीब (ख) मेहनती (ग) विकल्प 1व 2 दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

ii. बहुत कोशिश करने पर भी मछुआरा जाल को क्यों नहीं खींच सका?

(क) ज्यादा वजन के कारण। (ख) प्रकाश के कारण

(ग) गर्मी के कारण। (घ) मछुआरा बहुत कमजोर था

iii. मछुआरे को जाल में से क्या मिला?

(क) मछलियां (ख) मगरमच्छ (ग) तांबे का जार (घ) तांबे की कुल्हाड़ी

iv. मछुआरे ने सोने के सिक्कों का क्या किया?

(क) महल बनवाया (ख) सब सिक्के अपने पास रख लिए।

(ग) स्कूल बनवाया (घ) मंदिर बनवाया

v. "समुद्र" के समान अर्थ देने वाला (समानार्थक) शब्द कौन सा है ?

(क) आग (ख) सागर (ग) नदी (घ)जल

**प्रश्न 2. नीचे लिखे पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(5*1= 5)**

सुबह-सुबह जब वर्षा आए। तब भीगने में मजा आ जाए।
मैं नाचूँगी, मैं खेलूँगी,पानी में कागज की नाव भी चलाऊँगी।
रिमझिम-रिमझिम पानी टप-टप, पानी गिरा बादल से।
माँ ने पकौड़े और समोसे बनाए,खाने में कितना मजा आए।
गाड़ी निकालो और चलो सैर पर, घूमेंगे और झूमेंगे।
सूखे पेड़ धुल गए हैं, और चारों ओर फूल खिल गए हैं।
बिजली चमके तो डर लगे, लेकिन जब गरजते बादल से पानी बरसे,
तब सबके चेहरों पर खुशहाली छा जाए। लो! सब झूम उठे मस्ती में
काश! यह वर्षा रोज ही आए,और सबको खुशियाँ दे जाए।

i. इस कविता में कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?

(क) शरद् ऋतु (ख) शिथिर ऋतु (ग) वर्षा ऋतु (घ) वसंत ऋतु

ii. वर्षा होने पर वातावरण में क्या परिवर्तन आ गए?

(क) सूखे पेड़ धुल गए (ख) चारों ओर फूल खिल गए

(ग) बिजली चमकने लगी (घ) ये सभी

iii. सुबह-सुबह वर्षा में लोग क्या करते हैं?

(क) वर्षा का आनंद लेते हैं (ख) वर्षा रुकने की प्रतीक्षा करते हैं

(ग) पेड़ों को धोते हैं (घ) गरजते बादलों की आवाज सुनते हैं

iv. ' लोग वर्षा का आनंद किस प्रकार लेने की कामना करते हैं?

(क) पकौड़े और समोसे खाकर (ख) चेहरों पर प्रसन्नता लाकर

(ग) नाचकर, खेलकर, नाव चलाकर, घूमकर, पकौड़े और समोसे खाकर

(घ) बिजली चमकने से न डरकर

v. 'बिजली' शब्द का पर्यायवाची है

(क) कामिनी (ख) दामिनी (ग) रोशनी (घ) प्रकाश

**प्रश्न 3. नीचे लिखे पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(5*1= 5)**

ऊँचा खड़ा हिमालय आकाश चूमता है, नीचे चरण तले झुक, नित सिंधु झूमता है।

गंगा यमुन त्रिवेणी नदियाँ लहर रही हैं, जगमग छटा निराली, पग पग छहर रही हैं।

वह पुण्य-भूमि मेरी, वह स्वर्ण-भूमि मेरी। वह जन्मभूमि मेरी वह मातृभूमि मेरी।

झरने अनेक झरते जिसकी पहाड़ियों में, चिड़ियाँ चहक रही हैं, हो मस्त झाड़ियों में।

i. निम्नलीखित पद्यांश किस कविता से लिया गयाहै?

(क) राष्ट्रभक्ति( ख)मातृभूमि (ग)जन्मभूमि (घ) धर्मभूमि

ii. निम्नलिखित कविता के कवि का नाम बताइए?

(क) माखनलाल चतुर्वेदी (ख) सोहनलाल द्विवेदी

(ग) महादेवीवर्मा (घ) जयशंकर प्रसाद

iii. ऊंचा खड़ा हिमालय क्या चूम रहा है?

(क) आकाश (ख)पेड़ (ग) बादल (घ) हवा

iv. हिंद महासागर के लिए कविता में कौन सा शब्द आया है।

(क) चरण (ख) वंशी (ग) हिमालय (घ)सिंधु

v. उक्त कविता में मातृभूमि किसे कहा गयाहै?

(क) भारतको (ख) मांको (ग) नदियोंको (घ) विश्व को

**प्रश्न 4. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(5*1= 5)**

माँ को अपने बेटे और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर आता था। भगवत भजन से जो समय बचता, वह घोड़े को अर्पण हो जाता। वह घोड़ा बड़ा सुंदर था, बड़ा बलवान। उसके जोड़ का घोड़ा सारे इलाके में न था। बाबा भारती उसे सुलतान कह कर पुकारते, अपने हाथ से खरहरा करते, खुद दाना खिलाते और देख-देखकर प्रसन्न होते थे। उन्होंने रुपया, माल, असबाब, ज़मीन आदि अपना सब-कुछ छोड़ दिया था, यहाँ तक कि उन्हें नगर के जीवन से भी घृणा थी। अब गाँव से बाहर एक छोटे-से मंदिर में रहते और भगवान का भजन करते थे। "मैं सुलतान के बिना नहीं रह सकूँगा", उन्हें ऐसी भ्रांति-सी हो गई थी। वे उसकी चाल पर लट्टू थे। कहते, "ऐसे चलता है जैसे मोर घटा को देखकर नाच रहा हो।" जब तक संध्या समय सुलतान पर चढ़कर आठ-दस मील का चक्कर न लगा लेते, उन्हें चैन न आता।

i. उक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(क) हारकीजीत (ख) स्वयंकीजीत (ग) धर्मकीजीत (घ) कर्मकोजीत

ii. उक्त कहानी के लेखक का नाम बताइए?

(क) महावीर (ख) सुदर्शन (ग) जयशंकर (घ) राघव

iii. बाबा भारती को किसको देखकर आनंद आता था?

(क) खेत (ख) घोड़ा (ग) भगवान (घ) महल

iv. कहानी में घोड़े का नाम क्या है?

(क) सिकंदर (ख) सुलतान (ग) तूफान (घ) चेतक

v.बाबा भारती भजन के अलावा समय किसके साथ व्यतीत करते थे?

(क) तोते के साथ (ख) बकरी के साथ (ग) घोड़े के साथ (घ)गाय के साथ

**(खंडख)**

**प्रश्न 5.निम्नलिखित मुहावरों कोवाक्य में प्रयोग कीजिए। (5 अंक)**

i. लट्टूहोना। ii. मुंह मोड़ लेना iii. मुख खिलजाना।

. iv. फूले न समाना v. न्यौछावरकरदेना

**प्रश्न6. संज्ञा की परिभाषा लिखिए। 2**

**प्रश्न 7. निम्नलिखितशब्दों केविलोमशब्दलिखिए। 3**

i. रात ii. दुःख iii. हंसना

**(खंड ग)**

**प्रश्न8. "पहली बूंद "कविता की कुछ पंक्तियाँ नीचे दी गई हैं। इन पंक्तियों में कुछ शब्द रेखांकित हैं। दाहिनी ओर रेखांकित शब्दों के भावार्थ दिए गए हैं। इनका मिलान कीजिए।** 4

**(कविता की पंक्तियाँ)(भावार्थ)**

| | |
|---|---|
| 1. आसमान में <u>उडता सागर</u>, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर। | 1.मेघगर्जना |
| 2 <u>बजा नगाडे</u> जगा रहे हैं, बादल धरती की तरुणाई। | 2.बादल |
| 3. <u>नीले नयनों सा</u> यह अम्बर, काली पुतली-से येजलधर। | 3.हरीदूब |
| 4. वसुंधरा की <u>रोमावलि-सी</u>, हरी दूब पुलकी-मुसकाई। | 4.आकाश |

(खंड घ)

**9. निम्नलिखित प्रश्नों केउत्तर दिजिए -**

(i) लोगोंने मेजर ध्यानचंद को हॉकी काजादूगर कहना क्यों शुरूकर दिया? 2

(ii) ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था? 2

(iii) बारिश की पहली बूंद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है? 2

(iv) हार की जीत" कहानी के आधार पर बताइए कि दोनों के आंसुओं मेंक्याअं तर था? 2

(v) बाबा भारती नेखड्ग सिंह से कौन सा वचन लिया? 2

**10. नीचे दिए गए प्रश्नों का सबसे सही उत्तर कौन सा है?**

(i) रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गइ सरग पताल। आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल।" दोहे का भाव है- 1

(क) सोच-समझकर बोलना चाहिए। (ख) मधुर वाणी में बोलना चाहिए।

(ग) धीरे-धीरे बोलना चाहिए। (घ) सदा सच बोलना चाहिए।

(ii) रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि। जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तलवारि।" इस दोहे का भाव क्या है? 1

(क) तलवार सुई से बड़ी होती है। (ख) सुई का काम तलवार नहीं कर सकती।

(ग) तलवार का महत्व सुई से ज्यादा है। (घ) हर छोटी-बड़ी चीज़ का अपना महत्व होता है।

**(खंड- ङ)**

प्रश्न 11. 'मेरा विद्यालय' विषय पर 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए। 5

प्रश्न 12. अपने विद्यालय के प्राचार्य को बिमारी हेतु अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न 13. निम्नचित्र को ध्यान सेदेखकर एक कहनी की रचना कीजिए। 4

